दिनांक 21 जून 2022 को डीएसएन महाविद्यालय उन्नाव में एनसीसी , एनएसएस तथा नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया योग एक प्रवृत्ति है जो वर्षों से फल-फूल रही है , इतना ही नहीं यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बनाए रखने में एक पथ प्रदर्शक बन गया है। योग की प्रत्येक गतिविधि लचीलेपन , शक्ति, संतुलन में सुधार और सद्भाव प्राप्त करने की कुंजी है। यह कथन था योग प्रभारी मा शक्ति योग केंद्र उन्नाव के योग प्रशिक्षक डॉ राजेश सिंह पटेल ने डीएसएन कॉलेज में हो रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कहा । सुप्रसिद्ध योग शिक्षिका डॉ प्रीति गुप्ता ने बताया की योग संसाधनों , सामान्य योग (प्रोटोकॉल) प्रशिक्षण वीडियों और नवीनतम योग कार्यक्रमों में भाग लेने और उनकी खोज करने के लिए एक आदर्श प्रवेश द्वार है। साथ ही साथ योग न केवल हमें स्वस्थ रखता है बल्कि हमारे लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करता है

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को केंद्र सरकार ने अमृत योग सप्ताह के रुप में मनाए जाने का निर्णय लिया है। जनपद में अमृत योग सप्ताह शुभारंभ दिनाँक 14 जून, 2022 से 21 जून 2022 तक आयोजित हुआ। योग दिवस अमृत योग सप्ताह के अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ मानवेंद्र सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को योग करके मन को शुद्ध करने का और स्वस्थ रहने का प्रण दिलाया और आस पास उपस्थित लोगो को भी योग करने के लिए भी प्रेरित किया । योग फ़ॉर मानवता एवं योग फ़ॉर यूनिटी है। योग ' कोई धर्म नहीं है। यह मन , शरीर व आत्मा के सहज एकीकरण का विज्ञान है। यह मानवता के लिए सद्भाव और शांति को प्रकट करता है , जो दुनिया को योग का संदेश है। यह स्वयं की, स्वयं के लिए और स्वयं के जरिए यात्रा है।

इस वाक्यांश की प्रतिपूर्ति हेतु एन सीसी की छात्राओं ने एन एस एस प्रभारी डॉक्टर रचना त्रिवेदी के निर्देशन में प्रतिदिन स्वयं योग किया एवं आसपास के लोगों को योग करने के लिए लोगो को जागरूक किया।

प्रधानमंत्री जी की मंशा को ध्यान में रखते हुए वसुदैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल किया जाए तो बेहतर होगा। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के समय योग कार्यक्रम छात्राओं को एकाग्र चित्रक होने एवं परीक्षा की तै यारी में मददगार साबित हो रहा है।

संपूर्ण कार्यक्रम एनसीसी प्रभारी डॉ विपिन सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 235 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से B.Ed. विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर ममता चतुर्वेदी , साक्षी कुमार नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत तथा नमामि गंगे की परियोजना निदेशक किरन जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन एनसीसी प्रभारी तथा बी .एड. विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ . विपिन सिंह ने किया।

- प्राचार्य

डीएसएन कॉलेज उन्नाव

FIT INDIA
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
दिनांक 21 जून 2022
जनपद-उन्नाव
उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन
8वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022
योग प्रोटोकॉल अभ्यास क्रम
1 जून
21 जून
बी. एड. विभाग
डी. एस. एन. कालेज उन्नाव

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
Shot on OnePlus
By UTTAM SAHU

FIT INDIA
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
Shot on OnePlus
By UTTAM SAHU

Shot on narzo 50A
2022/06/21 08:03

Shot on OnePlus
By UTTAM SAHU

Shot on OnePlus
By UTTAM SAHU